Government of Western Australia
North Metropolitan Health Service

BreastScreen WA
WA's only accredited screening service

कुछ और परीक्षण, इसका तात्पर्य क्या है?

आपको स्तनों के कुछ और एक्स-रे करवाने के लिए फिर से बुलाया गया है। जिन महिलाओं को और परीक्षणों के लिए वापस बुलाया जाता है, उनमें से अधिकांश के परिणाम सामान्य होते हैं (उन्हें स्तन का कैंसर नहीं होता)।

मुझे फिर से क्यों बुलाया गया है।

स्तनों के और एक्स-रे करवाने के लिए फिर से बुलाया जाना असाधारण बात नहीं है। दोबारा बुलाए जाने के सामान्य कारणों में शामिल हैं:

सघनता

मैमोग्राम आपके स्तनों के ऊतकों का एक्स-रे होता है। स्तनों के ऊतकों का असमतल वितरण एक विकृति जैसा दिखाई दे सकता है। और एक्स-रे किसी सघन क्षेत्र को सामान्य ग्रंथि के ऊतक के रूप में पहचानने में सहायता कर सकते हैं।

सिस्ट्स (रसौलियाँ)

ऊतक की एक सघन गोलाई (रसौली) जिसके किनारे स्पष्ट हों, आम तौर पर एक सिस्ट या अहानिकारक (जो कैंसर नहीं है) गाँठ होती है। यदि उसके किनारे स्पष्ट दिखाई न दे रहे हों तो और परीक्षण करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

कैल्सीकरण

अनेक महिलाओं के मैमोग्राम में कैल्सियम के कण (कैल्सीकरण) दिखाई देते हैं और अक्सर ये सामान्य होते हैं। लेकिन इन कणों के अनियमित समूह कैंसर के सर्वप्रथम लक्षण हो सकते हैं तथा आपको और परीक्षण करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

घाव का निशान

स्तन पर पहले की गई शल्य-चिकित्सा से घाव का निशान बन सकता है। इससे वहाँ के ऊतक के एक्स-रे को समझना कठिन हो सकता है तथा आपको और परीक्षण करवाने की आवश्यकता हो सकती है।

त्वचा पर निशान

विकिरण-चिकित्सक को एक्स-रे को समझने में सहायता करने के लिए घाव के निशान, मस्से या स्तन के किसी अन्य लक्षण-सूचक स्थान की त्वचा पर निशान लगाए जा सकते हैं जो एक्स-रे में दिखाई देते हैं।

स्तनों के और एक्स-रे लिए जाने के बाद मुझे उनके परिणामों से कैसे अवगत करवाया जाएगा?

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपको टेलीफ़ोन द्वारा आपके मैमोग्राम के परिणाम बताएगा। आपको कई और तरह के परीक्षण करवाने की संस्तुति भी की जा सकती है। उन परीक्षणों का प्रकार इस बात पर निर्भर होगा कि आपका मैमोग्राम कैसा दिखाई देता है। जो भी प्रश्न आप पूछना चाहें, उनसे पूछें ताकि आप यह समझ सकें कि आपको फिर से क्यों बुलाया जा रहा है।

यदि आपको और परीक्षण करवाने की आवश्यकता है तो आपके लिए ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए के ब्रेस्ट असेसमेंट सेंटर में और परीक्षण करवाने का समय नियत किया जाएगा। यह सेवा निःशुल्क है और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ पेशेंट असिस्टिड ट्रेवल स्कीम (PATS) के अंतर्गत सहायता की पात्र हो सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने जी पी से मिलें।

पहले लिए गए एक्स-रे

कृपया अपने पुराने मैमोग्राम और स्तनों के अल्ट्रासाउंड की जाँचों की तस्वीरें संभाल कर रखें। पुराने चित्र विकिरण-चिकित्सक को यह समझने में अत्यधिक सहायता कर सकते हैं कि आपके हाल ही के मैमोग्राम में कोई लक्षण-सूचक स्थान इसलिए चिंता का विषय नहीं है क्योंकि वह बहुत समय से अपरिवर्तित रहा है।

और किस तरह के परीक्षणों की आवश्यकता हो सकती है?

मैमोग्राम द्वारा पहचाने गए अधिकांश परिवर्तन बहुत सूक्ष्म होते हैं जो छू कर महसूस नहीं किए जा सकते और उनकी विशेष जाँच करवानी पड़ती है।

निदान के लिए और देखी जाने वाली मैमोग्राफ़ी

इसमें स्तन के उस स्थान के और मैमोग्राम लिए जाते हैं जिसकी जाँच की आवश्यकता है।

स्तन का टोमोसिंथेसिस / 3डी मैमोग्राफ़ी

तीन आयाम वाली मैमोग्राफ़ी (इसे डिजिटल ब्रेस्ट टोमोसिंथेसिस भी कहते हैं) एक विशेष कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल से अनेक तरफ से कई एक्स-रे (मैमोग्राम) लेकर स्तन का एक 3डी चित्र बनाती है। साधारण मैमोग्राम दो आयाम वाला (2डी) चित्र बनाता है।

स्तन की चिकित्सीय जाँच

विकिरण-चिकित्सक द्वारा आपके एक्स-रे चित्रों की जाँच के बाद यदि आपके स्तनों की चिकित्सीय जाँच की आवश्यकता होगी तो एक महिला स्तन-चिकित्सक आपके स्तनों की अच्छी तरह से जाँच करेगी और आपसे आपके चिकित्सीय इतिहास के बारे में बात करेगी।

स्तन का अल्ट्रासाउंड

इस परीक्षण में ध्वनि की तरंगों का (न कि विकिरण का) इस्तेमाल स्तन के ऊतक की और अधिक जानकारी लेने के लिए किया जाता है। स्तन पर जैल लगा कर एक यंत्र को त्वचा पर दबा कर सटा दिया जाता है।

तस्वीर के आधार पर बायोप्सी

स्तन की बायोप्सी में एक सुई स्तन में घुसा कर लक्षण-सूचक स्थान से ऊतक का एक नमूना लिया जाता है ताकि माइक्रोस्कोप द्वारा उसकी जाँच की जा सके।

इस प्रक्रिया को संपादित करने वाली विकिरण-चिकित्सक अल्ट्रासाउंड या एक्स-रे की सहायता से यह सुनिश्चित करती है कि वह ऊतक का नमूना सही स्थान से ले। सुई लगाने के स्थान पर पहले संवेदनाहारी दवा लगाई जाती है। एक रोगविज्ञानी ऊतक की जाँच करती है और साधारणतया परिणाम 24 घंटे बाद उपलब्ध हो जाते हैं।

निशान लगाने का क्लिप

कई बार एक्स-रे की सहायता से बायोप्सी करने के बाद बायोप्सी के स्थान को धातु के एक छोटे चिह्नित करने वाले क्लिप से चिह्नित करने की आवश्यकता हो सकती है।

क्या इन परीक्षणों से सभी प्रकार के कैंसरों का पता लग जाता है?

स्तन के अधिकांश कैंसरों का पता लग जाता है लेकिन कोई भी परीक्षण सभी प्रकार के कैंसरों का पता लगाने की गारंटी नहीं देता। सभी महिलाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बताई गई आगे की कार्रवाई पर अमल करें।

असेसमेंट की भेंट के दौरान

ये बहु-आयामी विशेषज्ञ सेंटर हैं जहाँ हमारी विकिरण-चिकित्सकों, रोगविज्ञानियों, नर्सों, रेडियोग्राफ़रों, स्तन चिकित्सकों और शल्य-चिकित्सकों की एक टीम द्वारा आपकी विशेषज्ञ जाँच और आपके केस का प्रबंधन किया जाएगा।

सभी को सुबह ही मिलने का समय दिया जाता है। आपका पूरा निर्धारण करने में **8 घंटे तक** लग सकते हैं। यदि आपको काम से छुट्टी लेने के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट चाहिए तो क्लीनिक की किसी कर्मचारी को बताएँ।

कृपया पार्किंग के लिए पैसे ले कर आएँ। अन्यथा सार्वजनिक यातायात के विकल्पों के लिए ट्रांसपर्थ को कृपया 13 62 13 पर फ़ोन करें।

आपके जी पी को परिणाम भेजना

यदि आपने किसी जी पी का नामांकन किया है (हम आपको ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं) तो ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए आपके और किए जाने वाले परीक्षणों की जानकारी उन्हें देगा। उन्हें आपके असेसमेंट सेंटर में जाने के बाद के परिणाम भी भेजे जाएँगे।

BreastScreen WA ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए

टेलीफ़ोन (08) 9323 6700   फ़ैक्स (08) 9323 6799

ई-मेल breastscreenwa@health.wa.gov.au

नेशनल रिले सर्विस www.relayservice.gov.au

ट्रांसलेटिंग इंटरप्रेटिंग सर्विस (अनुवाद और दुभाषिया सेवा, टिस) (TIS) 13 14 50

ब्रेस्टस्क्रीन डब्ल्यू ए असेसमेंट सेंटर

South West Health Campus
Corner of Bussell Highway and Robertson Drive, Bunbury Tel: (08) 9792 2400



Fiona Stanley Hospital
Level 1 Main Hospital, 102-118 Murdoch Drive, Murdoch Tel: (08) 6152 4125



Royal Perth Hospital (RPH) Breast Assessment Clinic
Level 3, North Block
Wellington Street, Perth
Tel: (08) 9224 2723



Sir Charles Gairdner Hospital Breast Assessment Centre
G Block, 1st Floor
Hospital Avenue, Nedlands
Tel: (08) 6457 4590



LIKE US ON facebook

MARCH 2020